क्र./परि./2014/1883.—संजय ग्राम विपणन सहकारी संस्था मर्या., घट्टिया, जिला उज्जैन (पंजीयन क्रमांक/डी.आर.यू.जे.एन./1736, दिनांक 08 दिसम्बर, 2009) के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इन्दौर में दायर रिट पिटीशन क्रमांक 538/2013 में जारी आदेश दिनांक 16-12-2013 के परिपालन में प्रकरण की जाँच आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, म. प्र. भोपाल के निर्देशानुसार श्री बी. एस. वास्केल, संयुक्त आयुक्त मुख्यालय, भोपाल द्वारा की गई. जाँच अधिकारी द्वारा जाँच प्रतिवेदन मुख्यालय को प्रस्तुत किया जाकर प्रतिवेदन मुख्यालय के पत्र क्रमांक/विप./विसस/2014/742, दिनांक 06-05-2014 से इस कार्यालय को प्रेषित किया जाकर संस्था के विरुद्ध मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 ए/क के अंतर्गत कार्यवाही के निर्देश दिये गये. तत्संबंध में उपायुक्त सहकारिता, जिला उज्जैन से अधिनियम की धारा-18 ए/क (1) का प्रस्ताव, संस्था के पंजीयन से संबंधित नस्ती एवं अन्य दस्तावेज सहित चाहे गये. उपायुक्त सहकारिता, जिला उज्जैन द्वारा उक्त विषयक प्रस्ताव एवं नस्ती अपने पत्र क्रमांक/पंजीयन/2014/1402, दिनांक 20-06-2014 से इस कार्यालय को प्रेषित की गई. जाँच प्रतिवेदन अनुसार संस्था द्वारा आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, म. प्र., भोपाल के परिपत्र क्रमांक/3719, दिनांक 29-11-1990 की कंडिका क्रमांक 2.2.6 एवं 11 का स्पष्ट उल्लंघन किया जाने से एवं संस्था की अवैध पंजीयन की शिकायत में जाँच अधिकारी द्वारा 44 प्रवर्तक सदस्यों को पंजीयन के समय विभिन्न आधारों पर उनकी सदस्यता वैधानिक होना नहीं बतलाया है तथा पंजीयन प्रस्ताव के अ एवं ब पत्रक में भी फेरबदल करना पाया गया है. 44 सदस्यों की सदस्यता समाप्त की गई है. तथा 18 अन्य सदस्यों की सदस्यता भी उनके आवेदन अनुसार समाप्त की गई है. प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख है कि पूर्व जाँच अधिकारी श्री परिहार द्वारा 44 सदस्यों की सदस्यता अवैध बताई गई है और संस्था के शेष सदस्यों की वैधता के संबंध में भी जाँच अधिकारी द्वारा शंका जाहिर की गई है. इससे स्पष्ट है कि संस्था के प्रवर्तक सदस्यों द्वारा दुर्व्यपदेशन कर संस्था का पंजीयन कराया गया है.

मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18- ए/क (1)के प्रावधान अनुसार ''यदि रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाता है कि कोई सोसायटी उसके आवेदकों द्वारा दुर्व्यपदेशन के आधार पर रजिस्ट्रीकृत कर दी गई है या जहाँ सोसायटी का कार्य पूर्ण हो चुका है या जिन प्रयोजनों के लिये सोसायटी रजिस्ट्रीकृत की गई है, उनकी पूर्ति नहीं हो रही है या उस सोसायटी ने जो सहकारी बैंक या विकास बैंक से भिन्न हो, शब्द ''बैंक'', ''बैंकर'', ''बैंकिंग'' और शब्द ''बैंक'' की कोई अन्य व्युत्पत्ति का प्रयोग किया है, तो वह उसके प्रमुख सम्प्रवर्तक, संचालक मंडल और सोसायटी के सदस्यों को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् सोसायटी का रजिस्ट्रीकरण समाप्त कर सकेगा.

इस प्रकार आयुक्त, सहकारिता द्वारा कराई गई जाँच एवं उनके पत्र क्रमांक/विप./विसस/2014/742, दिनांक 06-05-2014 में दिये गये निर्देश अनुसार तथा जाँच में पाये गये निष्कर्षों के आधार पर संजय ग्राम विपणन सहकारी संस्था मर्या., घट्टिया, जिला उज्जैन द्वारा आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा जारी परिपत्र में दिये गये निर्देशों का पालन नहीं किये जाने एवं प्रवर्तक सदस्यों द्वारा दुर्व्यपदेशन कर संस्था का पंजीयन कराये जाने से क्यों न संस्था का रजिस्ट्रीकरण समाप्त कर दिया जाए. इस संबंध में मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18- ए/क (1) के अंतर्गत संस्था के प्राधिकृत अधिकारी/प्रवर्तक सदस्यों/सदस्यों को कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करते हुए इस संबंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस कार्यालय के पत्र क्रमांक/परिमसापन/2014/957, दिनांक 26-06-2014 जारी किया जाकर दिनांक 28-07-2014 नियत की गई साथ ही प्रवर्तक सदस्यों/सदस्यों को सूचित करने हेतु स्थानीय समाचार-पत्र में जाहिर सूचना प्रकाशित की गई एवं संस्था के सदस्यों की संख्या अधिक होने से उप-नियंत्रक, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, ग्वालियर को राजपत्र में प्रकाशन करने हेतु निवेदन किया गया जिसके परिप्रेक्ष्य में शासकीय मुद्रणालय, ग्वालियर द्वारा दिनांक 18 जुलाई, 2014 को राजपत्र में सूचना-पत्र प्रकाशित किया गया. जारी कारण बताओ सूचना-पत्र संस्था प्रबंधक द्वारा दिनांक 28-07-2014 को 316 सदस्यों में से 238 सदस्यों को एवं 16 समितियों को तामील कराते हुए तामिली रिपोर्ट पेश की एवं शेष सदस्यों को स्पीड पोस्ट से सूचना-पत्र प्रेषित किये गये.

नियत दिनांक 28-07-2014 को प्रकरण में संस्था प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित हुए साथ ही अनावेदकगण 52 प्रवर्तक सदस्यों की ओर से अभिभाषक श्री अजीत मिश्रा द्वारा वकालतनामा पेश किया गया तथा कुछ और सदस्यों की ओर से वकालतनामा पेश करने हेतु समय चाहा गया. उन्हें समय दिया जाकर आगामी पेशी दिनांक 13-08-2014 नियत की गई. नियत दिनांक को अभिभाषक श्री अजीत मिश्रा द्वारा अनावेदकगणों की हस्ताक्षरित सूची के साथ 02 वकालतनामा पेश किये गये. प्रवर्तक सदस्य श्री जितेन्द्र सिंह एवं श्री बालूसिंह की ओर से अभिभाषक श्री अजीत मिश्रा द्वारा उनके जवाब मय शपथ-पत्र के पेश किये गये. शेष अनावेदकगणों की ओर से अभिभाषक द्वारा समय चाहा गया. उन्हें समय प्रदान किया जाकर आगामी पेशी दिनांक 20-08-2014 नियत की गई. नियत दिनांक को अनावेदकगण अभिभाषक श्री अजीत मिश्रा द्वारा पृथक्-पृथक् 02 आवेदन जवाब मय सदस्यों की हस्ताक्षरित सूची एवं शपथ-पत्र सहित पेश किये गये. अनावेदकगण अभिभाषक की ओर से एक आवेदन संजय ग्राम विपणन सहकारी संस्था मर्या., घट्टिया की वर्ष 2010-11, 2011-12 एवं वर्ष 2012-13 की आडिट रिपोर्ट पेश करने हेतु समय चाहा गया. न्यायहित में अनावेदकगण अभिभाषक को उक्त दस्तावेज पेश करने एवं तर्क हेतु समय प्रदान किया गया. अनावेदकगण अभिभाषक श्री धीरज गौभुज द्वारा उपस्थित होकर 04 सदस्यों की ओर से वकालतनामा पेश किया गया साथ ही उनके द्वारा एक आवेदन संजय ग्राम विपणन सहकारी संस्था मर्या., घट्टिया के प्रकरण से संबंधित समस्त दस्तावेज, रिकॉर्ड, जवाब प्रस्तुत करने हेतु उपलब्ध कराने बाबत निवेदन किया गया. उन्हें आवेदन में चाहे गये दस्तावेज उपलब्ध करवाये गये. अभिभाषक श्री धीरज गौभुज द्वारा पेश वकालतनामा अनुसार जवाब/दस्तावेज/तर्क हेतु आगामी पेशी दिनांक 27-08-2014 नियत की गई. नियत दिनांक को अनावेदकगण अभिभाषक श्री धीरज गौभुज द्वारा आवेदन अंतर्गत धारा-151 सी.पी.सी., दिनांक 23-08-2014 को रिकॉर्ड पर लिया गया. शिकायतकर्ता श्री ओमप्रकाश बैरागी द्वारा एक आवेदन स्वयं की सुनवाई का अवसर प्रदान करने हेतु पेश किया गया. जिसकी एक प्रति अनावेदकगण अभिभाषक को प्रदाय की गई. अनावेदकगण 10 सदस्यों की ओर से हस्ताक्षरित वकालतनामा एवं सूचना-पत्र अंतर्गत धारा- 80 सी. पी. सी. के अंतर्गत अभिभाषक श्री योगेश गोस्वामी द्वारा प्रस्तुत किया गया. अनावेदकगण 05 सदस्यों की ओर से अभिभाषक श्री राजेन्द्र साबू द्वारा वकालतनामा पेश किया गया. उक्त आवेदनों के जवाब/दस्तावेज/तर्क हेतु आगामी पेशी दिनांक 02-09-2014 नियत की गई. नियत दिनांक को अनावेदकगण की ओर से अभिभाषक श्री अजीत मिश्रा द्वारा लिखित तर्क प्रस्तुत किये गये. आपत्तिकर्ता श्री ओमप्रकाश बैरागी को अंतिम तर्क के समय अपना पक्ष/तर्क पेश करने हेतु आगामी पेशी दिनांक 15-09-2014 नियत की गई. नियत दिनांक को अनावेदकगण की ओर से अभिभाषक श्री योगेश गोस्वामी द्वारा शिकायतकर्ता श्री बैरागी द्वारा पूर्व दिनांक को पेश आवेदन का विरोध करते हुए जवाब प्रस्तुत किया गया. प्रकरण में आपत्तिकर्ता श्री ओमप्रकाश बैरागी को पक्षकार के रूप में संयोजित नहीं किया जाकर केवल अंतिम तर्क के समय अपना पक्ष पेश करने हेतु अवसर दिया गया है. अत: अभिभाषक श्री योगेश गोस्वामी द्वारा पेश जवाब/आवेदन का तद्नुसार निराकरण किया गया. आगामी पेशी दिनांक 29-09-2014 को अनावेदक अभिभाषक श्री अजीत मिश्रा, अभिभाषक श्री धीरज गौभुज एवं आपत्तिकर्ता श्री बैरागी उपस्थित हुए. अन्य कार्यों में व्यस्त होने से आगामी पेशी दिनांक 09-10-2014 नियत की गई. पेशी दिनांक 09-10-2014 को अनावेदकगण तर्फे अभिभाषक श्री अजीत मिश्रा एवं आपत्तिकर्ता उपस्थित हुए. शेष के लिखित तर्क हेतु दिनांक 16-10-2014 नियत की गई. पेशी दिनांक 16-10-2014 को अभिभाषक श्री अजीत मिश्रा, अभिभाषक श्री धीरज गौभुज उपस्थित हुए व आगामी पेशी दिनांक 20-10-2014 के बाद दिनांक 31-10-2014 नियत की गई. पेशी दिनांक 31-10-2014 को अनुपस्थित अनावेदकगणों को दिनांक 11-11-2014 तक लिखित तर्क पेश करने का अवसर देते हुए प्रकरण में अंतिम आदेश हेतु दिनांक 21-11-2014 नियत की गई. दिनांक 11-11-2014 को प्रवास पर होने से प्रकरण दिनांक 12-11-2014 को अनावेदक अभिभाषक श्री धीरज गौभुज के उपस्थित होने पर व उनके निवेदन पर लिया गया. अभिभाषक श्री गौभुज ने पूर्व में पेश आवेदन दिनांक 23-08-2014 को अपना लिखित तर्क होना व्यक्त किया व प्रकरण में पूर्ववत आदेश हेतु दिनांक 21-11-2014 नियत की गई. संस्था सदस्यों के अभिभाषक श्री अजीत मिश्रा द्वारा कारण बताओ सूचना-पत्र के संबंध में पेश लिखित उत्तर में उल्लेखित किया है कि माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट पिटीशन में उन्हें पक्षकार नहीं बनाया गया था और मुख्यालय के जांच अधिकारी श्री बी. एस. बास्केल द्वारा की गई जाँच बिना सुनवाई के की गई है. अधिनियम की धारा-18 (ए)/क के तहत् कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करने का अधिकारी संयुक्त पंजीयक को नहीं है. संस्था नियमानुसार कार्य कर रही है व 44 सदस्य भी संस्था के गठन के समय शामिल थे. उनके द्वारा किसी प्रकार का दुर्व्यपदेशन नहीं करते हुए संस्था का विधिवत् पंजीयन कराया गया है. जाँच अधिकारी की शंका मात्र के आधार पर संस्था का पंजीयन निरस्त नहीं किया जाना चाहिए. अत: कारण बताओ सूचना-पत्र निरस्त किया जावे. अनावेदक अभिभाषक द्वारा अपने उत्तर के साथ सदस्यों के द्वारा हस्ताक्षरित वकालतनामा व जवाब पर सदस्यों के हस्ताक्षर कराते हुए जवाब पेश किया है. प्रकरण में अनावेदक सदस्यगणों की ओर से अभिभाषक श्री धीरज गौभुज द्वारा दिनांक 23-08-2014 को पेश आवेदन को ही अपना लिखित तर्क होना व्यक्त किया है. अभिभाषक श्री गौभुज ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ, इंदौर में दायर रिट पिटीशन एवं श्री बी. एस. बास्केल, संयुक्त पंजीयक मुख्यालय की जांच रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध नहीं करायी गई है. श्री बास्केल द्वारा जाँच की कार्यवाही एकतरफा की गई है. संस्था विधिवत् सार्वजनिक वितरण प्रणाली का कार्य कर रही है एवं अधिनियम की धारा-18 (1) के तहत् समस्त सदस्यों को सुनवाई का अवसर दिया जाकर आदेश पारित किया जाना चाहिए. संस्था द्वारा कोई अनियमितता नहीं की गई है. संस्था का रेकार्ड तलब किया जाकर कार्यवाही की जाना चाहिए. आवेदन में उल्लेखित किया है कि संस्था का विधिवत् पंजीयन धारा-9 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है जिसमें पंजीयक के परिपत्र का पालन किया है. जाँच अधिकारी श्री बास्केल का जाँच प्रतिवेदन निराधार है. संस्था मुख्यालय पर कृषि उपज मंडी है. अत: श्री बास्केल के जाँच प्रतिवेदन के आधार पर क्या-क्या दस्तावेज रहे हैं उनको तलब किया जाकर प्रकरण में आदेश पारित किया जाना चाहिए. उपरोक्तानुसार अभिभाषक श्री धीरज गौभुज द्वारा अपने आवेदन में उल्लेखित जवाब को ही तर्क होना व्यक्त किया है.

संस्था की ओर से अभिभाषक श्री योगेश गोस्वामी द्वारा आवेदन में उल्लेखित किया है कि कारण बताओ सूचना-पत्र के संबंध में दस्तावेज उपलब्ध कराये जावें तथा अवैधानिक रूप से संस्था के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की जावे.

प्रवर्तक सदस्य श्री जितेन्द्रसिंह डोडिया, श्री बालूसिंह पंवार द्वारा अपने लिखित तर्क में उल्लेख किया है कि संस्था का पंजीयन विधिवत् रूप से किया गया है. संस्था के उपाध्यक्ष श्री बैरागी की जानकारी में पंजीयन हुआ है संस्था विधिवत् रूप से संचालित है उसमें किसी प्रकार की आर्थिक आरोप नहीं है. संस्था का विधिवत् ऑडिट कराया जा रहा है. संस्था का पंजीयन दुर्व्यपदेशन के आधार पर नहीं कराया गया है. श्री बी. एस. बास्केल, संयुक्त पंजीयक, मुख्यालय की जाँच रिपोर्ट प्रिज्यूडीश है. जाँच प्रतिवेदन में पंजीयन निरस्त करने का कोई आधार नहीं है. अत: जारी कारण बताओ सूचना-पत्र निरस्त किया जावे.

प्रवर्तक सदस्यों की ओर से उपस्थित विद्वान अभिभाषकों द्वारा पेश लिखित आवेदन पर मुख्यालय के जाँच अधिकारी श्री बी. एस. बास्केल द्वारा की गई जाँच का प्रतिवेदन जो मुख्यालय से प्राप्त हुआ है, उसका अवलोकन किया गया. प्रकरण में उपलब्ध दस्तावेज संस्था की पंजीयन नस्ती, जाँच रिपोर्ट का अवलोकन किया गया. विद्वान अभिभाषक श्री धीरज गौभुज को श्री बास्केल की जाँच प्रतिवेदन पेशी दिनांक 20-08-2014 को उपलब्ध कराया गया. उपायुक्त, उज्जैन द्वारा प्रेषित अधिनियम की धारा-18 (क)/1 प्रस्ताव का अवलोकन किया. संस्था सदस्यों के विद्वान अभिभाषकगण द्वारा प्रस्तुत जवाब एवं मुख्यालय के जाँच अधिकारी श्री बी. एस. बास्केल द्वारा प्रस्तुत जाँच प्रतिवेदन पंजीयक सहकारिता, भोपाल के पत्र दिनांक 06-5-2014 एवं उपायुक्त सहकारिता, उज्जैन द्वारा प्रेषित प्रस्ताव धारा-18 (क)/(1) के अवलोकन से एवं उन पर विचार उपरांत यह स्पष्ट है कि संस्था के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय म. प्र. खंडपीठ, इंदौर में दायर रीट पिटीशन नंबर 538/2013 में पारित आदेश दिनांक 16-12-2013 के परिप्रेक्ष्य में संस्था की जाँच मुख्यालय के संयुक्त पंजीयक द्वारा की जाकर जाँच प्रतिवेदन अनुसार संस्था के विरुद्ध अधिनियम की धारा-18 (क)/(1) के तहत् कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये गये थे. उक्त परिप्रेक्ष्य में कार्यालय द्वारा अधिनियम की धारा-18/क (1) के तहत् कारण बताओ सूचना-पत्र जारी कर अधिनियम की धारा-18 (क)/(1) के प्रावधान अनुसार संस्था सदस्यों को तामिल कराया गया. कारण बताओ सूचना-पत्र स्थानीय समाचार-पत्र में प्रकाशन के साथ ही म. प्र. राजपत्र में भी संस्था सदस्यों की जानकारी के लिये प्रकाशित कराये गये. सूचना-पत्र के संबंध में सदस्यों की ओर से अभिभाषकगण द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया. मुख्यालय द्वारा करायी गयी जाँच में संस्था के पंजीयन के समय 44 सदस्यों की सदस्यता वैधानिक नहीं पायी गयी. जाँच के समय यह पाया गया कि पंजीयक के परिपत्र दिनांक 29-11-1990 के बिन्दु क्रमांक-2 अनुसार संस्था के पंजीयन के समय प्राथमिक सहकारी संस्थाओं को सदस्य बनाया जाना अनिवार्य है किन्तु संस्था के पंजीयन के समय प्राथमिक संस्थाओं को सदस्य नहीं बनाया गया है. पंजीयक के उक्त परिपत्र की कंडिका-6 का पालन भी नहीं किया गया है. संस्था के प्रवर्तक सदस्यों द्वारा पंजीयन के समय 44 सदस्यों को अवैध तरीके से संस्था की सदस्यता प्रदान करते हुए दुर्व्यपदेशन कराते हुए संस्था का पंजीयन कराया जाना मुख्यालय के जाँच अधिकारी श्री बास्केल की जाँच रिपोर्ट में एवं पूर्व जाँच अधिकारी श्री जी. डी. परिहार की जांच रिपोर्ट में पाया गया है. उक्त जाँच रिपोर्ट कारण बताओ सूचना-पत्र के आधार पर, संस्था सदस्यों के विद्वान अभिभाषक को सुनवाई के दौरान उपलब्ध भी करायी गयी है. मुख्यालय के जाँच अधिकारी के जाँच प्रतिवेदन को किसी सक्षम न्यायालय द्वारा अथवा वरिष्ठ अधिकारी द्वारा अमान्य अथवा स्थगित भी नहीं किया गया है. इसलिये प्रवर्तक सदस्यों के विद्वान अभिभाषकगणों का यह तर्क कि माननीय उच्च न्यायालय में दायर पिटीशन में उन्हें पक्षकार नहीं बनाया गया था एवं मुख्यालय के जाँच अधिकारी का जाँच प्रतिवेदन प्रिज्यूडीश है, स्वीकार किये जाने योग्य नहीं है. माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका क्रमांक/538/2013 में संस्था को पक्षकार बनाया गया था यह तथ्य माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 16-12-2013 से स्पष्ट है. अत: सदस्यों के विद्वान अभिभाषक द्वारा इस वाबत् दिया तर्क स्वीकार योग्य नहीं है. अधिनियम की धारा-18 (क) (1) के वैधानिक प्रावधान अनुसार संस्था के सदस्यों को कारण बताओ सूचना-पत्र तामिल कराया गया है एवं उनकी ओर से प्रस्तुत जवाब पर भी उपरोक्त विवेचन अनुसार विचार करते हुए यह पाया जाता है कि संजय ग्राम विपणन सहकारी संस्था मर्या., घट्टिया का पंजीयन, पंजीयन के समय 44 सदस्यों को प्रवर्तक सदस्यों द्वारा अवैधानिक रूप से सदस्यता देते हुए दुर्व्यपदेशन के आधार पर संस्था का पंजीयन कराया गया. अत: उपरोक्त विवेचन अनुसार संजय ग्राम विपणन सहकारी संस्था मर्या., घट्टिया (पंजीयन क्रमांक/डी.आर. उज्जैन/1736, दिनांक 08 दिसम्बर, 2009) का पंजीयन अधिनियम की धारा-18 (क) (1) के तहत् समाप्त किया जाता है तथा अधिनियम की धारा 17 (क) (2) अनुसार सहकारिता विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड घट्टिया को संस्था का शासकीय समानुदेशित नियुक्त किया जाता है. शासकीय समानुदेशित धारा-18/क (3) अनुसार कार्यवाही करते हुए इस आदेश दिनांक से एक वर्ष की कालावधि के भीतर संस्था की आस्तियों की वसूली और दायित्वों का परिसमापन/निराकरण करते हुए प्रतिवेदन उपायुक्त, सहकारिता, जिला उज्जैन को प्रस्तुत करेंगे.

यह आदेश आज दिनांक 21 नवम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से पारित किया गया.

व्ही. पी. मारण,
संयुक्त पंजीयक.

(30)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला उज्जैन

[मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अंतर्गत]

कार्यालयीन आदेश क्रमांक/परिसमापन/623, दिनांक 22 अप्रैल, 2009 द्वारा श्री माया साख सहकारिता मर्या., बड़नगर, जिला उज्जैन जिसका पंजीयन क्रमांक 59, दिनांक 17 जून, 2003 है को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत श्री सी. एस. असोड़िया, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न करके पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः मैं, डॉ. मनोज जायसवाल, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(31)

[मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अंतर्गत]

कार्यालयीन आदेश क्रमांक/परिसमापन/55, दिनांक 09 जनवरी, 1996 द्वारा पीतल पात्र निर्माण एवं औद्योगिक सहकारी संस्था मर्या., उज्जैन, जिला उज्जैन जिसका पंजीयन क्रमांक 617, दिनांक 19 दिसम्बर, 1957 है को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत श्री आर. एल. नागर, सहकारी निरीक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न करके पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः मैं, डॉ. मनोज जायसवाल, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

(31-A)

[मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अंतर्गत]

कार्यालयीन आदेश क्रमांक/परिसमापन/2093, दिनांक 25 जून, 1983 द्वारा श्रमिक ईंट उद्योग सहकारी संस्था मर्या., उज्जैन घुरेरी, तहसील एवं जिला उज्जैन जिसका पंजीयन क्रमांक 592, दिनांक 22 सितम्बर, 1982 है को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत श्री व्ही. के. जोशी, उप-अंकेक्षक को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था.

परिसमापक द्वारा संस्था की सम्पूर्ण कार्यवाही सम्पन्न करके पंजीयन निरस्त करने हेतु अन्तिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है. संस्था के परिसमापक की कार्यवाही से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः मैं, डॉ. मनोज जायसवाल, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला उज्जैन, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक-एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 19 दिसम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया है.

मनोज जायसवाल,
उप-पंजीयक.

(31-B)

कार्यालय परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक, सहकारी संस्थाएं, जिला उज्जैन

उज्जैन, दिनांक 25 नवम्बर, 2014

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57 (सी) के अन्तर्गत]

क्र./शा. समु./क्यू/2014.—सर्व-साधारण की जानकारी के लिये यह विज्ञप्ति प्रकाशित की जाती है कि कार्यालय संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उज्जैन, संभाग उज्जैन के आदेश क्रमांक/परि./2014/1883, उज्जैन, दिनांक 21 नवम्बर, 2014 के द्वारा मुझे संजय ग्राम विपणन सहकारी संस्था मर्या., घट्टिया का शासकीय समनुदेशिती नियुक्त किया है.

अत: मैं, एस. के. मालवीय, सहकारी निरीक्षक, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-71 एवं मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम-57 (सी) के अनुसार सर्व-साधारण की जानकारी के लिए सूचना-पत्र प्रकाशित करता हूँ कि उक्त संस्था के विरुद्ध किसी का भी कोई लेना-देना निकल रहा हो वे इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के दो माह के अन्दर अपने दावे प्रमाण सहित मुझे कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला उज्जैन में प्रस्तुत करें. उक्त अवधि में पेश न होने वाले दावे या स्वत्व के संबंध में बाद में कोई सुनवाई नहीं होगी तथा जो भी रिकॉर्ड उपलब्ध होगा उसके अनुसार की कार्यवाही की जाकर प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी को भेज दिया जावेगा.

यह भी प्रकाशित किया जाता है कि किसी व्यक्ति के पास इस समिति के सदस्यों या भूतपूर्व पदाधिकारियों के पास इस समिति की कोई लेखापुस्तकें, रोकड़, चल-अचल सम्पत्तियों या अन्य कोई भी सामान तथा रिकॉर्ड आदि हो तो इस सूचना प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर उक्त वर्णित कार्यालय में जमा कराकर रसीद प्राप्त करें, अन्यथा निश्चित अवधि व्यतीत होने के बाद किसी भी व्यक्ति के पास इस समिति की उपरोक्त चीजें होने की जानकारी मिली तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी, जिसका दायित्व उसका स्वयं का होगा.

यह सम्यक् सूचना आज दिनांक 25 नवम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी की गयी.

एस. के. मालवीय,
परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक.

(32)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत]

श्री सदगुरू महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित, सदगुरू नगर, तहसील लटेरी ने अपने पत्र दिनांक 18 जून, 2014 में उल्लेख किया है कि संस्था पंजीयन दिनांक से ही कार्य नहीं कर रही है तथा न ही सदस्य इसे संचालित करने में रुचि रखते हैं. संस्था द्वारा संस्था को परिसमापन में लाने तथा पंजीयन निरस्त करने हेतु निवेदन किया गया है.

संस्था अध्यक्ष के पत्र से निष्कर्ष निकलता है कि संस्था निष्क्रिय है. इस प्रकार उपरोक्त संस्था में मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 की धारा-69-2 (क) में वर्णित स्थिति निर्मित हो गई है. इस कारण संस्था को परिसमापन में लाया जाना आवश्यक हो गया है. मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत उपरोक्त संस्था को कार्यालयीन "कारण बताओ सूचना -पत्र" क्रमांक/परिसमापन/2014/731, विदिशा दिनांक 08 अगस्त, 2014 जारी किया गया कि क्यों न संस्था को परिसमापन में लाया जाकर समापक नियुक्त किया जाये.

अत: मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्र.एफ-5-1-99-पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) की शक्ति का प्रयोग करते हुये मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा, श्री सदगुरू महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित, सदगुरू नगर, तहसील लटेरी, जिला विदिशा पंजीयन क्रमांक डी. आर./व्ही. डी. एस./781, दिनांक 09 जून, 2011 का परिसमापन किये जाने का आदेश देता हूँ तथा सहकारिता विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड लटेरी को धारा-70 के अन्तर्गत समापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 21 नवम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(33)

"कारण बताओ सूचना-पत्र"

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

रघुवंशी बीज उत्पादक स्वायत्त सहकारिता मर्या., आगासौद, तहसील बासौदा ने अपने पत्र दिनांक 28 नवम्बर, 2014 में उल्लेख किया है कि संस्था ने पंजीयन दिनांक से कोई विशेष कार्य नहीं किया है, अब सहकारी अधिनियम में परिवर्तन नहीं चहती है. कृपया पंजीयन निरस्त कराने का कष्ट करें.

सहकारिता अध्यक्ष के पत्र से निष्कर्ष निकलता है कि सहकारिता निष्क्रिय है. इस प्रकार उपरोक्त सहकारिता में मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 की धारा-69-2 (क) में वर्णित स्थिति निर्मित हो गई है. इस कारण सहकारिता को परिसमापन में लाया जाना आवश्यक हो गया है.

अतः मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्र.एफ-5-1-99-पन्द्रह-एक-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) की शक्ति का प्रयोग करते हुये मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा, रघुवंशी बीज उत्पादक स्वायत्त सहकारिता मर्या., आगासौद, तहसील बासौदा, जिला विदिशा पंजीयन क्रमांक डी. आर./व्ही. डी. एस./57, दिनांक 23 जून, 2008 को यह कारण बताओ सूचना-पत्र जारी करता हूँ कि क्यों न उक्त वर्णित कारण से मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत उपरोक्त सहकारिता को परिसमापन में लाया जाकर समापक नियुक्त किया जाये. इस सूचना-पत्र की प्राप्ति के दिनांक से तीन सप्ताह के भीतर इस कारण बताओ सूचना-पत्र का लिखित उत्तर साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें. यदि उक्त सहकारिता विनिर्दिष्ट समय के भीतर अपना उत्तर प्रस्तुत करने में असफल रहती है अथवा प्रस्तुत उत्तर असंतोषजनक पाया जाता है तो मध्यप्रदेश सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत उसे परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 (1) के अन्तर्गत समापक नियुक्त कर दिया जायेगा.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र मैं अपने हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से आज दिनांक 12 दिसम्बर, 2014 को जारी करता हूँ.

(33-A)

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/परिसमापन/98/602, विदिशा, दिनांक 21 मई, 1998 से तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, खेरूआहाट, तहसील एवं जिला विदिशा, जिसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./व्ही.डी.एस./443, दिनांक 27 मई, 1992 को परिसमापन में लाया जाकर श्री पी. के. मोहता, सहकारी निरीक्षक, कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा को संस्था का समापक नियुक्त किया गया था.

समापक द्वारा तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, खेरूआहाट, तहसील एवं जिला विदिशा की परिसमापन की कार्यवाही पूर्ण कर संस्था का अन्तिम प्रतिवेदन संस्था का पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत किया है.

मैं, समापक के द्वारा की गई कार्यवाही का अवलोकन करने के पश्चात् इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है.

अतः मैं, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला विदिशा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99/एक-पन्द्रह-1-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये तिलहन उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, खेरूआहाट, तहसील एवं जिला विदिशा, जिसका पंजीयन क्रमांक ए.आर./व्ही.डी.एस./443, दिनांक 27 मई, 1992 का पंजीयन निरस्त करते हुए उसका निगम निकाय (बॉडी-कार्पोरेट) इस आदेश दिनांक से समाप्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 16 दिसम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

भूपेन्द्र प्रताप सिंह,
उप-पंजीयक.

(33-B)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, खरगोन

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) एवं धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

आदेश में वर्णित प्रारूप अनुसार सहकारी समितियों जो स्वायत्त अधिनियम, 1999 के अन्तर्गत पंजीकृत रहने की अवधि में संस्था द्वारा स्वयं ही परिसमापक नियुक्त कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किये गये है. उक्त स्वायत्त सहकारिता अधिनियम, 1999 को शासन द्वारा विलोपित होने के कारण उक्त सहकारिताएं अब सहकारी अधिनियम, 1960 के अन्तर्गत पंजीकृत है. अतः मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 के अन्तर्गत विधिवत अंतिम प्रतिवेदन हेतु निम्नलिखित परिसमापक को नियुक्त करता है.

अतः मैं, बी. एस. अलावा, उप-पंजीयक, सहकारी समितियां, खरगोन, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग के विज्ञप्ति क्र./एफ/5/1/99/15-1/सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त पंजीयक की

शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रारूप में उल्लेखित निम्नांकित सहकारी समितियों को इस आदेश के दिनांक से परिसमापन में लाता हूँ तथा समितियों की नियमानुसार परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के तहत प्रारूप के कॉलम-6 में उल्लेखित अधिकारी को समिति का परिसमापक नियुक्त करता हूँ:—

प्रारूप

क्र.	नाम संस्था	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	संशोधित पंजीयन नम्बर	नियुक्त परिसमापक का नाम एवं पद
1	2	3	4	5
1.	जनहित साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन	22/01-08-2003	1725/10-03-2014	श्री नवीन मुहावरे, सह. निरीक्षक.
2.	जनसहयोग साख सहकारिता मर्या., खरगोन	63/28-02-2005	1765/10-03-2014	श्री आर. के. महाजन, सह. निरीक्षक.
3.	पंडित दीनदयाल साख सहकारिता मर्यादित, मण्डलेश्वर.	93/19-12-2005	1795/10-03-2014	श्री एस. आर. कोचले, वरि. सह. निरीक्षक.

यह आदेश आज दिनांक.....को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(34)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) एवं धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

आदेश में वर्णित प्रारूप अनुसार सहकारी समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69(3) के अंतर्गत परिसमापन में लाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र समितियों के द्वारा आवेदन करने पर जारी किये गये थे. जारी सूचना-पत्र की अवधि व्यतीत हो जाने उपरान्त भी संस्था की ओर से कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ. इससे यह प्रतीत होता है कि संस्था को प्रेषित कारण बताओ सूचना-पत्र के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है एवं सूचना-पत्र के आरोप स्वीकार हैं.

अत: मैं, बी. एस. अलावा, उप-पंजीयक, सहकारी समितियां, खरगोन, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग के विज्ञप्ति क्र./एफ/5/1/99/15-1/सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रारूप में उल्लेखित निम्नांकित सहकारी समितियों को इस आदेश के दिनांक से परिसमापन में लाता हूँ.

समितियों की नियमानुसार परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के तहत प्रारूप के कॉलम-6 में उल्लेखित अधिकारी को समिति का परिसमापक नियुक्त करता हूँ:—

प्रारूप

क्र.	नाम संस्था	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	संशोधित पंजीयन नम्बर	जारी सूचना पत्र क्रमांक व दिनांक	नियुक्त परिसमापक का नाम एवं पद
1	2	3	4	5	6
1.	स्वामी समर्थ साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	122/18-04-2007	1823/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री नवीन मुहावरे, सह. निरीक्षक.
2.	पतंजली सहकारिता मुद्रणालय मर्यादित, खरगोन.	192/01-06-2010	1893/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री आर. के. रोमडे, सह. निरीक्षक.
3.	श्री लक्ष्मी क्रेडिट को-ऑपरेटिव्ह सोसायटी लिमि. खरगोन.	87/09-11-2005	1789/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री नवीन मुहावरे, सह. निरीक्षक.

यह आदेश आज दिनांक 01 जनवरी, 2015 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(34-A)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) एवं धारा-70 (1) के अन्तर्गत]

आदेश में वर्णित प्रारूप अनुसार सहकारी समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी समितियॉ अधिनियम, 1960 की धारा-69(3) के अंतर्गत परिसमापन में लाने हेतु कारण बताओ सूचना-पत्र समितियों के अकार्यशील होने पंजीयन दिनांक से आज दिनांक तक टीप प्रस्तुत नहीं करने अंकेक्षण में लगातार तीन वर्षों से ''डी'' वर्ग प्राप्त होने, समितियों द्वारा अधिनियमों एवं नियमों के पालन न करने से एवं समितियों के संचालक मण्डल द्वारा समिति के कार्यों में रुचि न लेने से जारी किया गया था. जारी सूचना-पत्र की अवधि व्यतीत हो जाने उपरान्त भी संस्था की ओर से कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ. इससे यह प्रतीत होता है कि संस्था को प्रेषित कारण बताओ सूचना-पत्र के सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है एवं सूचना-पत्र के आरोप स्वीकार है.

अत: मैं, बी. एस. अलावा, उप-पंजीयक, सहकारी समितियां, खरगोन, मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग के विज्ञप्ति क्र./एफ/5/1/99/15-1/सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रारूप में उल्लेखित निम्नांकित सहकारी समितियों को इस आदेश के दिनांक से परिसमापन में लाता हूँ.

समितियों की नियमानुसार परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के तहत प्रारूप के कॉलम-6 में उल्लेखित अधिकारी को समिति का परिसमापक नियुक्त करता हूँ:—

प्रारूप

क्र.	नाम संस्था	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	संशोधित पंजीयन नम्बर	जारी सूचना पत्र क्रमांक व दिनांक	नियुक्त परिसमापक का नाम एवं पद
1	2	3	4	5	6
1.	आदिवासी कर्मचारी साख मर्यादित, खरगोन.	76/01-07-2005	1778/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री बी. एल. सोलंकी, सह. वि. अधि.
2.	श्रीनाथ साख सहकारिता मर्यादित, महेश्वर.	78/07-07-2005	1780/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री पी. सी. सोलंकी, व. स. नि.
3.	संस्कार साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	79/12-07-2005	1781/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री नवीन मुहावरे, सह. निरीक्षक.
4.	पूर्णानंद साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	81/19-07-2005	1783/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री बी. एल. सोलंकी, सह. वि. अधि.
5.	कृष्णा साख सहकारिता मर्यादित, सोनखेडी.	82/19-07-2005	1784/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री बसंत यादव, सह. वि. अधि.
6.	श्रद्धा साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	83/19-07-2005	1785/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री आर. के. महाजन, सह. निरीक्षक.
7.	श्रीराम साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	84/19-07-2005	1786/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री आर. के. महाजन, सह. निरीक्षक.
8.	महालक्ष्मी साख सहकारिता मर्यादित, बडवाह.	88/28-11-2005	1790/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री संतोष जोशी, व. स. नि.
9.	राजश्री साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	91/08-12-2005	1793/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री आर. के. महाजन, सह. निरीक्षक.
10.	आर. आर. बी. साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	92/08-12-2005	1794/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री केशव पांडे, वरि. सह. निरी.
11.	म. प्र. विद्युत कर्मचारी साख सहकारिता मर्यादित, भीकनगांव.	94/08-12-2005	1796/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री नवीन मुहावरे, सह. निरीक्षक.
12.	केशव माधव स्वायत्त साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	97/08-12-2005	1799/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री नवीन मुहावरे, सह. निरीक्षक.

1	2	3	4	5	6
13.	दि. वेस्ट निमाड क्रेडिट को. आपरेटिव्ह सोसा. लि.खरगोन.	98/03-03-2006	1800/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री नवीन मुहावरे, सह. निरीक्षक.
14.	धनश्री साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	102/23-03-2006	1804/10-03-2014	1158/01-09-2014	श्री आर. के. महाजन, सह. निरीक्षक.
15.	शांतनू कर्मचारी साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	104/02-06-2006	1806/10-03-2014	1192/08-09-2014	श्री मोहन परमार, व. स. नि.
16.	चैतन्य साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	115/24-11-2006	1817/10-03-2014	1192/08-09-2014	श्री मोहन परमार, व. स. नि.
17.	जयदेव साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	113/10-11-2006	1815/10-03-2014	1192/08-09-2014	श्री मोहन परमार, व. स. नि.
18.	नर्मदा बायोप्रोडेक्ट सहकारिता मर्यादित, बड़ूद.	109/27-07-2006	1811/10-03-2014	1192/08-09-2014	श्री संतोष जोशी, व. स. नि.
19.	महाप्रभुजी साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	107/04-07-2005	1809/10-03-2014	1192/08-09-2014	श्री केशव पांडे, वरि. सह. निरी.
20.	श्री दत्त साख सहकारिता मर्यादित, खरगोन.	118/19-12-2006	1820/10-03-2014	1192/08-09-2014	श्री मोहन परमार, व. स. नि.
21.	देवी अहिल्या मुद्रणालय को. आपरेटिव्ह लिमि. खरगोन.	119/19-12-2006	1821/10-03-2014	1192/08-09-2014	श्री मोहन परमार, व. स. नि.
22.	श्री ऊँ सांई क्रेडिट को. आपरेटिव्ह लिमि. खरगोन.	121/03-03-2007	1822/10-03-2014	1192/08-09-2014	श्री आर. के. महाजन, सह. निरी.

यह आदेश आज दिनांक 22 दिसम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

बी. एस. अलावा,
उप-पंजीयक.

(34-B)

दिनांक 28 नवम्बर, 2014

[मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं नियम, 1962 के नियम 57 सी/ग के अन्तर्गत]

क्र./परि./2014/क्यू.—उप-आयुक्त, सहकारी संस्थाएं, खरगोन के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अंतर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है:-

क्र.	संस्था का नाम	पंजीयन क्र./ दिनांक	परिसमापन का आदेश क्र./ दिनांक
1	2	3	4
1.	माँ यमुना महिला प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्या., महेश्वर	1443/22-09-2005	531/04-04-2014
2.	रेवति महिला प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्या., महेश्वर	1445/14-10-2005	723/07-06-2014
3.	महिष्मति महिला प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्या., महेश्वर	1501/21-03-2007	528/04-04-2014
4.	माँ नर्मदा महिला प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्या., महेश्वर	1444/05-10-2005	526/04-04-2014
5.	आदर्श महिला प्राथ. उपभोक्ता सहकारी भंडार मर्या., मडलेश्वर	1445/17-10-2005	527/04-04-2014
6.	श्री सांई महिला साख सहकारिता मर्या., महेश्वर	08/25-10-2005	1516/19-11-2013
7.	मातृ शक्ति साख साख सहकारिता मर्या., खरगोन	28/01-09-2003 संशो. 1731/10-03-2014	1327/31-10-2014

अत: मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं नियम, 1962 के नियम क्रमांक 57 (सी.ग.) के अन्तर्गत उक्त संस्थाओं के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित करता हूं कि वे संस्था के विरुद्ध अपने समस्त दावे इस सूचना-पत्र के प्रकाशन के दिनांक से 2 माह के अन्दर मय प्रमाण के यदि हो तो मुझे लिखित में प्रस्तुत करें, त्रुटि की दशा में साहूकारगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वांछित होने से दायित्वाधीन होंगे. यदि 2 माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा मान्य नहीं किया जावेगा. संस्था का लेखापुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयमेव मुझे विधिवत् प्रस्तुत किये गये समझे जावेंगे.

आर. के. रोमडे,
परिसमापक एवं सहकारी निरीक्षक.

(40)

कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता, जिला रतलाम

रतलाम, दिनांक 01 दिसम्बर, 2014

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (ग)के अन्तर्गत]

क्र./परि./2014/1200.—अनामिका नमकीन सहकारी सोसायटी मर्यादित, रतलाम, जिला रतलाम जिसका पंजीयन क्रमांक/789, दिनांक 24 अप्रैल, 2004 है, को उपायुक्त, सहकारिता, जिला रतलाम के आदेश क्रमांक/परिसमापन/2014/994, दिनांक 03 नवम्बर, 2014 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम क्रमांक-57 (ग) के अन्तर्गत उक्त संस्था के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे संस्था के विरुद्ध अपने समस्त दावों को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन के दिनांक से 2 माह के अन्दर मय प्रमाण के, यदि हो, तो मुझे लिखितरूप से प्रस्तुत कर सकते हैं. त्रुटि की दशा में साहूकारगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने के दायित्वाधीन होंगे. यदि 2 माह की अवधि में किसी भी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा (क्लेम) मान्य नहीं किया जावेगा एवं संस्था की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयमेव मुझे विधिवत् प्रस्तुत किये, समझे जावेंगे.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 01 दिसम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

एन. के. नान्देचा,
परिसमापक.

(35)

रतलाम, दिनांक 01 दिसम्बर, 2014

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (ग)के अन्तर्गत]

सुभाष गृह निर्माण सहकारी सोसायटी मर्यादित, रतलाम, जिला रतलाम जिसका पंजीयन क्रमांक/351, दिनांक 22 जनवरी, 1985 है, को उपायुक्त, सहकारिता जिला रतलाम के आदेश क्रमांक/परिसमापन/2014/989, दिनांक 03 नवम्बर, 2014 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत मुझे परिसमापक नियुक्त किया गया है.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम क्रमांक-57 (ग) के अन्तर्गत उक्त संस्था के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे संस्था के विरुद्ध अपने समस्त दावों को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन के दिनांक से 2 माह के अन्दर मय प्रमाण के, यदि हो, तो मुझे लिखितरूप से प्रस्तुत कर सकते हैं. त्रुटि की दशा में साहूकारगण किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने के दायित्वाधीन होंगे. यदि 2 माह की अवधि में किसी भी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा (क्लेम) मान्य नहीं किया जावेगा एवं संस्था की लेखा पुस्तकों में लेखबद्ध समस्त दायित्व स्वयमेव मुझे विधिवत् प्रस्तुत किये, समझे जावेंगे.

यह सूचना-पत्र आज दिनांक 01 दिसम्बर, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

बी. एस. चौहान,
परिसमापक.

(35-A)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला खण्डवा

खण्डवा, दिनांक 31 अगस्त, 2014

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (4) के अन्तर्गत]

क्र./परि./14/624.—निमाड विपणन एवं क्रय-विक्रय सहकारी समिति मर्यादित, खण्डवा (पंजी क्र. 1749, दिनांक 07 फरवरी, 2000)

को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/परिसमापन/13/657 खण्डवा, दिनांक 11 जून, 2013 के द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अंतर्गत परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अंतर्गत श्री संतोष पाटीदार, उप-अंकेक्षक, खण्डवा को संस्था का परिसमापक नियुक्त किया गया था. संस्था की विशेष आमसभा दिनांक 16 जुलाई, 2014 में संस्था को पुनर्जीवित करने की अनुशंसा कर प्रस्ताव कार्यालय को परिसमापक द्वारा प्रस्तुत किया गया. प्रस्ताव के परीक्षण उपरांत यह पाया गया कि संस्था के हितों को दृष्टिगत रखते हुये संस्था को पुनर्जीवित किया जाना उचित प्रतीत होता है.

अत: मैं, मदन गजभिये, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, खण्डवा, मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (4) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग, म. प्र. भोपाल के आदेश क्रमांक/एफ-1-99-पन्द्रह-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के अंतर्गत प्रदत्त पंजीयक की शक्तियों का प्रयोग करते हुए निमाड विपणन एवं क्रय-विक्रय सहकारी समिति मर्यादित, खंडवा (पंजी क्र. 1749, दिनांक 07 फरवरी, 2000) को पुनर्जीवित करता हूँ. साथ ही संस्था के कारोबार संचालन हेतु अस्थाई कमेटी के रूप में संस्था के अंतिम निर्वाचित संचालक मंडल के अनुसार तीन माह के लिए अधिकृत किया जाता है—

1. श्री नानकराम पटेल, अध्यक्ष
2. श्री जगदीश पटेल, उपाध्यक्ष
3. श्री भगवानदास पटेल, संचालक
4. श्री रामचंद पटेल, संचालक
5. श्री दिनेश पटेल, संचालक
